**GAIL (INDIA) LIMITED**
**GAIL Bhawan, 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi-110 066**
**PHONE: 011-2617 2580; email – career@gail.co.in**
**Corporate Identification Number: L40200DL1984GOI018976**

## कल आपका है

## विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के अवसर

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। हम तेजी से बदलते व्यापारिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन द्वारा औद्योगीकरण के नए युग के प्रवर्तक और एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज के सृजक हैं जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमापारीय अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड, निम्नलिखित पदों के सामने दर्शाई गई श्रेणी के अनुसार रिक्तियों (बैक लॉग रिक्तियों सहित) को भरने के लिए तालिका–I के अनुरूप पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है :

तालिका–I

| # | पद का नाम | ग्रेड | अनारक्षित | अ. जा. | अ. ज. जा. | ओबीसी (एनसीएल) | कुल | निम्नवर्णित श्रेणियों में पीडब्ल्यूडी द्वारा धारण योग्य चिन्हित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ इंजीनियर (केमिकल) | ई–2 | 08 | 02 | 01 | 04 | 15 | ओएच (ओए, ओएल) |
| 2 | वरिष्ठ इंजीनियर (मेकेनिकल) | ई–2 | 17 | 05 | | 08 | 30 | एचएच, ओएच (ओएल) |
| 3 | वरिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | ई–2 | 16 | 01 | 02 | 06 | 25 | एचएच, ओएच (ओएल) |
| 4 | वरिष्ठ इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन) | ई–2 | 07 | 01 | 01 | 04 | 13 | एचएच, ओएच (ओएल) |
| 5 | वरिष्ठ अधिकारी (अग्निशमन एवं संरक्षा) | ई–2 | 04 | 01 | | | 5 | – |
| 6 | वरिष्ठ अधिकारी (संविदा एवं प्रापण) | ई–2 | 02 | 01 | | 01 | 4 | एचएच, ओएच (ओए एवं ओएल) |
| 7 | वरिष्ठ अधिकारी (बीआईएस) | ई–2 | 03 | 01 | | 01 | 5 | एचएच, ओएच (ओए, ओएल, बीएल, ओएएल) |
| 8 | वरिष्ठ इंजीनियर (सिविल) | ई–2 | 03 | 01 | 01 | 01 | 6 | एचएच, ओएच (ओए, ओएल) |
| 9 | वरिष्ठ इंजीनियर (टेलीकॉम / टेलीमेट्री) | ई–2 | 02 | 01 | | | 3 | ओएच (ओए, ओएल) |
| 10 | वरिष्ठ अधिकारी (विपणन) | ई–2 | 14 | 06 | 03 | 07 | 30 | एचएच, ओएच (ओए, ओएल, बीएल), वीएच (बी, एलवी) |
| 11 | वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा) | ई–2 | 08 | 02 | 03 | 02 | 15 | एचएच, ओएच (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीएलओए) |
| 12 | वरिष्ठ अधिकारी (मा. सं.) | ई–2 | 08 | 02 | 02 | 03 | 15 | एचएच, ओएच (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल), वीएच (बी, एलवी) |
| 13 | वरिष्ठ अधिकारी (विधि) | ई–2 | 01 | | | | 01 | ओएच (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल), वीएच (बी, एलवी) |
| 14 | वरिष्ठ अधिकारी (निगमित संचार) | ई–2 | 01 | | | | 01 | ओएच (ओए, ओएल), वीएच (बी, एलवी) |
| 15 | वरिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा सेवाएं) | ई–2 | 02 | | | | 02 | ओएच (ओए, ओएल) |
| 16 | वरिष्ठ इंजीनियर (एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग) | ई–2 | 02 | | | | 02 | ओएच (ओए, ओएल, ओएएल) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | अधिकारी (प्रयोगशाला) | ई–1 | 01 | | | 01 | 02 | ओएच (ओए, ओएल) |
| 18 | अधिकारी (राजभाषा) | ई–1 | 01 | | | 01 | 02 | ओएच (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल), वीएच (बी, एलवी), एचएच |
| | | **कुल** | **100** | **24** | **13** | **39** | **176** | |

* उपर्युक्त 176 रिक्तियों में से दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित 6 रिक्तियों के श्रेणीवार तथा पदवार विवरण निम्नानुसार दिए गए हैं :

| **क्रम सं.** | **पद का नाम** | **पीडब्ल्यूडी (एचएच)** | **पीडब्ल्यूडी (वीएच)** |
|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ इंजीनियर (मेकेनिकल) | 01 | |
| 2 | वरिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | 01 | |
| 3 | वरिष्ठ अधिकारी (संविदा एवं प्रापण) | 01 | |
| 4 | वरिष्ठ अधिकारी (विपणन) | | 01 |
| 5 | वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा) | 01 | |
| 6 | वरिष्ठ अधिकारी (मा.सं.) | | 01 |
| | **कुल** | **04** | **02** |

**<u>प्रयोग किए गए संक्षिप्त शब्द</u>**

| **संक्षिप्ति** | **वर्णन** |
|---|---|
| पीडब्ल्यूडी | दिव्यांग (Persons with Disability) |
| एचएच | अल्प बधिर (Hearing Impaired) |
| वीएच | दृष्टिबाधित (Visually Impaired) |
| ओएच | अस्थिदोष दिव्यांग (Orthopedically Impaired) |
| ओए | एक हाथ (One Arm) |
| ओएल | एक पैर (One Leg) |
| बीएल | दोनों पैर (Both Legs) |
| ओएएल | एक हाथ एवं एक पैर (One Arm and One Leg) |
| बी | दृष्टिहीन (Blind) |
| एलवी | अल्प दृष्टि हीनता (Low Vision) |
| बीएलओए | दोनों पैर एवं एक हाथ (Both Legs and One Arm) |
| एनसीएल | नॉन क्रीमी लेयर (Non Creamy Layer) |

चिह्नित पद (जैसा कि उपर्युक्त तालिका–I में इंगित है) हेतु **संबंधित श्रेणी/श्रेणियों के दिव्यांग व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं** भले ही उनके लिए कोई रिक्ति विशेष रूप से आरक्षित नहीं है।

ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट के सामान्य मानदंडों के आधार पर पदों पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए विचार किया जाएगा ।

संबंधित श्रेणी के पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी, जो विशेष रूप से उनके लिए आरक्षित पद हेतु आवेदन करते हैं, को आरक्षण/छूट का लाभ प्राप्त होगा बशर्ते उनकी संबंधित अक्षमता 40% से कम न हो।

**1. उपर्युक्त पदों हेतु न्यूनतम अनिवार्य योग्यता(ए), न्यूनतम अनिवार्य अनुभव तथा उच्च आयु सीमा का उल्लेख तालिका–II में नीचे दिया गया है :**

| **#** | **पद/ग्रेड/वेतनमान एवं उच्च आयु सीमा** | **न्यूनतम अनिवार्य योग्यता** | **न्यूनतम अनिवार्य अनुभव** |
|---|---|---|---|
| 1 | **पद : वरिष्ठ इंजीनियर (केमिकल)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ केमिकल/पेट्रोकेमिकल/ केमिकल टेकनोलॉजी/पेट्रोकेमिकल टेकनोलॉजी में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री | राज्य/केंद्र सरकार के उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों) के **पेट्रोकेमिकल संयंत्र/ रिफाइनरी/उर्वरक संयंत्र** में परियोजना कमिशनिंग/ अनुरक्षण में उस संयंत्र/उपक्रम/संगठन के कार्मिक के रूप में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक) वर्ष** का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | **पद : वरिष्ठ इंजीनियर (मेकेनिकल)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ मेकेनिकल/प्रोडक्शन/प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल/मैन्युफैक्चरिंग/मेकेनिकल एंड ऑटोमोबाइल में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री | राज्य/केंद्र सरकार के उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों) के पेट्रोकेमिकल संयंत्र/रिफाइनरी/उर्वरक संयंत्र में परियोजना कमिशनिंग/अनुरक्षण अथवा प्रचालन एवं अनुरक्षण/निर्माण/हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में तेल एवं क्रॉस कंट्री गैस पाइपलाइन की कमिशनिंग में उस संयंत्र/उपक्रम/संगठन के कार्मिक के रूप में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव। |
| 3 | **पद : वरिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री | राज्य/केंद्र सरकार के उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों) के पेट्रोकेमिकल संयंत्र/रिफाइनरी/उर्वरक संयंत्र में परियोजना कमिशनिंग/अनुरक्षण अथवा प्रचालन एवं अनुरक्षण/निर्माण/हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में तेल एवं क्रॉस कंट्री गैस पाइपलाइन की कमिशनिंग में उस संयंत्र/उपक्रम/संगठन के कार्मिक के रूप में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव। |
| 4 | **पद : वरिष्ठ इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। | राज्य/केंद्र सरकार के उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों) के पेट्रोकेमिकल संयंत्र/रिफाइनरी/उर्वरक संयंत्र में परियोजना कमिशनिंग/अनुरक्षण अथवा प्रचालन एवं अनुरक्षण/निर्माण/हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में तेल एवं क्रॉस कंट्री गैस पाइपलाइन की कमिशनिंग में उस संयंत्र/उपक्रम/संगठन के कार्मिक के रूप में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव। |
| 5 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (अग्निशमन एवं संरक्षा)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **60%** अंकों के साथ फायर/फायर एंड सेफ्टी में इंजीनियरिंग में स्नाातक डिग्री।<br>सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त केन्द्रीय/क्षेत्रीय श्रम संस्थान से औद्योगिक संरक्षा में एक वर्षीय डिप्लोमा धारकों को वरीयता प्रदान की जाएगी। | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संस्थान(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में कार्य का शैक्षिक योग्यता पश्चात, इसी क्षेत्र का अग्निशमन एवं संरक्षा के क्षेत्र में न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 6 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (संविदा एवं प्रापण)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ केमिकल/मेकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रूमेंटेशन/आईटी/कंप्यूटर साइंस/इलेक्ट्रॉनिक्स/मैटलर्जी/सिविल/टेलीकम्यूनीकेशन में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री।<br>मैटीरियल्स प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय एमबीए योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में कार्य का संविदा एवं प्रापण/मेटिरियल्स मैनेजमेंट/स्टोर्स एंड परचेज विभाग में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव और सेप (एसएपी) के एमएम माड्यूल में कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 7 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (बीआईएस)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री<br>या न्यूनतम **65%** अंकों के साथ स्नातक डिग्री और न्यूनतम **65%** अंकों के साथ कंप्यूटर एप्लिकेशन (एमसीए) में स्नातकोत्तर डिग्री । | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में बीआईएस क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | **पद : वरिष्ठ इंजीनियर (सिविल)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ सिविल में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में सिविल क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 9 | **पद : वरिष्ठ इंजीनियर (टेलीकॉम/टेलीमेट्री)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन/टेलीकम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल एंड टेलीकम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में टेलीकॉम/टेलीमेट्री क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 10 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (विपणन)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों के साथ इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री एवं 02 वर्षीय विपणन/तेल और गैस/पैट्रोलियम और ऊर्जा/ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रकचर/अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ एमबीए। | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में विपणन क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 11 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | सीए/आईसीडब्ल्यूए<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों के साथ बी.कॉम एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित अर्थशास्त्र में ऑनर्स के साथ स्नातक (बी.ए.) एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित मैथ्स में ऑनर्स के साथ स्नातक (बी.ए./बी. एससी.) एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित सांख्यिकी में ऑनर्स के साथ स्नातक (बी.ए./बी. एससी.) एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों सहित इंजीनियरिंग अर्थात बी.ई./बी.टेक. में स्नातक एवं वित्त में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय एमबीए<br>सीए/आईसीडब्ल्यूए योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थियों के पास आईसीएआई/आईसीडब्ल्यूएआई की एसोसिएट सदस्यता होना अनिवार्य है । | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में वित्त/लेखा विभाग में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (मा.सं.)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **60%** अंकों के साथ स्नातक डिग्री एवं न्यूनतम **65%** अंकों के साथ पर्सनल मैनेजमेंट एंड इंडस्ट्रियल रिलेशंस/ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय एमबीए/एमएसडब्ल्यू।<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों के साथ स्नातक डिग्री एवं न्यूनतम **65%** अंकों के साथ दो वर्षीय मास्टर डिग्री/दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन पर्सनेल मैनेजमेंट/पर्सनेल मैनेजमेंट एंड इंडस्ट्रियल रिलेशंस।<br>विधि में स्नातक डिग्री (प्रोफेशनल) की अतिरिक्त योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी । | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में मानव संसाधन क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 13 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (विधि)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **60%** अंकों के साथ किसी भी विधा में स्नातक डिग्री तथा न्यूनतम **65%** अंकों के साथ विधि में स्नातक डिग्री (एलएलबी) (न्यूनतम 3 वर्ष का प्रोफेशनल पाठ्यक्रम)<br>**अथवा** न्यूनतम **60%** अंकों के साथ 5 वर्षीय इंटीग्रेटिड एलएलबी डिग्री (प्रोफेशनल)।<br>विधि में मास्टर डिग्री (एलएलएम) धारकों को वरीयता प्रदान की जाएगी । | राज्य/केन्द्र सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/प्रतिष्ठित कंपनी(नियों) में विधि कार्यपालक के रूप में उसी संगठन के कार्मिक के रूप में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का कार्यपालकीय अनुभव। अभ्यर्थियों को विभिन्न न्यायिक/अर्ध–न्यायिक फोरम के समक्ष विवादों, आर्बिट्रेशन एवं कन्सिलिएशन मामलों को संभालने तथा विभिन्न विधिक कागजातों को तैयार करने और पुनरीक्षा करने, आमेलन, अधिग्रहण एवं संयुक्त उद्यमों के विधिक मामलों, हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के विनियामक मामलों, औद्योगिक/श्रम कानून संबंधी मामलों आदि को संभालने का अनुभव होना चाहिए।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 14 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (निगमित संचार)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **60%** अंकों सहित स्नातक डिग्री तथा न्यूनतम **65%** अंकों सहित संचार/एडवर्टाइजिंग और संचार प्रबंधन/जन संचार/जन संबंध/पत्रकारिता में 02 वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा। | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में निगमित संचार क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 15 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा सेवा)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 32 वर्ष | विशेषज्ञता क्षेत्र अर्थात् डीजीओ, डीसीएच आदि में डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस।<br><br>वांछनीय : विशेषज्ञता क्षेत्र में स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) | सार्वजनिक उपक्रमों/निजी क्षेत्र के बृहदाकार संगठनों/प्रतिष्ठित बृहदाकार अस्पताल में उस संगठन/अस्पताल के कार्मिक के रूप में चिकित्सा अधिकारी/विशेषज्ञ चिकित्सक के तौर पर इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का शैक्षिक योग्यता पश्चात (इंटर्नशिप के अलावा) अनुभव। |
| 16 | **पद : वरिष्ठ अधिकारी (एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग)**<br>ग्रेड : ई 2<br>वेतनमान : रु. 60,000–1,80,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 28 वर्ष | न्यूनतम **65%** अंकों सहित एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। | राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संस्थान(नों)/उपक्रम(मों) और/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहदाकार संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में शैक्षिक योग्यता पश्चात इसी क्षेत्र का न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का (जीईटी/ईटी/एमटी के रूप में अनुभव सहित) कार्यपालकीय अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | **पद : अधिकारी (प्रयोगशाला)**<br>ग्रेड : ई 1<br>वेतनमान : रु. 50,000–1,60,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 32 वर्ष | न्यूनतम **60%** अंकों के साथ रसायन विज्ञान में मास्टर डिग्री<br>(एम.एससी) | हाइड्रोकार्बन क्षेत्र (तेल रिफाइनरी, गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों, पेट्रोकेमिकल संयंत्रों) के बृहदाकार संगठन/उर्वरक, इस्पात, रसायन या अन्य संबंधित प्रोसेसिंग क्षेत्रों की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में उस संगठन के कार्मिक के रूप में कार्य का शैक्षिक योग्यता पश्चात् इसी क्षेत्र का न्यूनतम **03 (तीन)** वर्ष का अनुभव।<br>तेल एवं गैस/पेट्रोकेमिकल उद्योग में इसी क्षेत्र का कार्यपालकीय अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।<br>सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थियों के पास निचले वेतनमान या पिछले समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव अनिवार्यतः होना चाहिए। |
| 18 | **पद : अधिकारी (राजभाषा)**<br>ग्रेड : ई 1<br>वेतनमान : रु. 50,000–1,60,000/–<br>उच्च आयु सीमा : 35 वर्ष | न्यूनतम **60%** अंकों के साथ हिंदी साहित्य में मास्टर डिग्री।<br>स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में होना चाहिए ।<br>वांछनीय : किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में डिग्री या डिप्लोमा। | इसी क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का [प्रशिक्षु अधिकारी (राजभाषा) के रूप में अनुभव सहित] कार्यपालकीय अनुभव। अभ्यर्थी के पास मुख्य रूप से राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/बैंक/वित्तीय संस्थानों और/या प्रतिष्ठित बृहदाकार निजी क्षेत्र के संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(नियों) में उस संगठन के कार्मिक के रूप में कार्य का विभिन्न रिपोर्टों, दस्तावेजों, पत्रों इत्यादि का हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने का अनुभव। अभ्यर्थी को सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं राजभाषा नियम, 1976 की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। |

## 2. अनिवार्य योग्यता(एं) एवं अनिवार्य अनुभव [जैसा कि तालिका–II के संबंधित कालम में उल्लेख किया गया है] के संबंध में नियम और शर्तें

2.1 न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ **तालिका–II में उल्लिखितानुसार होंगी।**

**2.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम (सीए/आईसीडब्ल्यूए के अलावा) मान्य हैं।**

2.3 सभी अनिवार्य योग्यताएँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/यूजीसी से मान्यता प्राप्त भारतीय डीम्ड विश्वविद्यालय या एआईसीटीई अनुमोदित स्वायत्तशासी भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम/संबंधित सांविधिक काउंसिल (जहाँ भी लागू हों) से प्राप्त होनी चाहिए। **इंजीनियरिंग में डिप्लोमा** की योग्यता (यदि लागू हों) संबंधित राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मान्य होनी चाहिए।

2.4 यथा निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यता(ओं) में निर्दिष्ट अंकों के न्यूनतम प्रतिशत की गणना संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय के नियमों/मानदंडों के आधार पर की जाएगी।

2.5 जहाँ भी किसी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए या लैटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाई गई पद्धति के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाए जाने चाहिएँ। आवेदक को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर उसे इससे संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय से प्राप्त दस्तावेजी साक्ष्य/प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

2.6 इंजीनियरिंग डिग्री बीई/बीटेक/बीएससी इंजीनियरिंग हो सकती है।

2.7 जिन अभ्यर्थियों के पास संबंधित क्षेत्र में 05 वर्षीय बीई/बीटेक+एम.ई./एम. टेक की इंजीनियरिंग की एकीकृत दोहरी डिग्री है, उस पर भी विचार किया जाएगा।

2.8 चिकित्सकीय डिग्री/डिप्लोमा (अर्थात् एमबीबीएस/एमडी/एमएस/डीजीओ आदि) एमसीआई द्वारा मान्य होनी चाहिए।

2.9 वरिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा सेवा) हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भारतीय चिकित्सा परिषद या राज्य चिकित्सा परिषद में पंजीकृत होने चाहिएँ।

2.10 इंटर्नशिप ट्रेनिंग को वरिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा सेवा) हेतु कार्य अनुभव नहीं माना जाएगा।

2.11 जिन अभ्यर्थियों के पास संबंधित क्षेत्र में 05 वर्षीय बीई/बीटेक+एम. ई./एम. टेक की इंजीनियरिंग की एकीकृत दोहरी डिग्री तथा विपणन/तेल और गैस/पैट्रोलियम और ऊर्जा/ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रकचर/अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विशेषज्ञता के साथ 02 वर्षीय एमबीए है, उन पर वरिष्ठ अधिकारी (विपणन) के पद हेतु भी विचार किया जाएगा।

2.12 जहाँ कहीं भी एमबीए की आवश्यकता का उल्लेख किया गया है, वहाँ एमबीए के अलावा जिन्होंने संगत क्षेत्र में विशेषज्ञता के साथ मैनेजमेंट में दो वर्ष का पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा/एमएमएस किया है, तो उन पर भी विचार किया जाएगा।

2.13 जहाँ एमबीए/पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट/एमएमएस संबंधी योग्यता दोहरी विशेषज्ञता के साथ है, वहाँ एक विशेषज्ञता अनिवार्य रूप से विज्ञापित पद के कार्य से संबंधित होनी आवश्यक है।

2.14 राज्य/केन्द्र सरकार/विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) तथा/या निजी क्षेत्र के बृहद संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(यों)/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम/निजी क्षेत्र के बृहद उद्यम/ बृहद अस्पतालों में संबंधित क्षेत्र में शैक्षिक योग्यता पश्चात न्यूनतम अनिवार्य योग्यता अनुभव दिनांक **31.12.2018** के अनुसार होना चाहिए । **तथापि औद्योगिक/व्यावसायिक प्रशिक्षण को न्यूनतम अनिवार्य अनुभव मानदंड के समक्ष नहीं माना जाएगा।**

तदनुसार, राज्य/केन्द्र सरकार/विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) तथा/या निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बृहद संगठन(नों) / संस्थान(नों)/ कंपनी(यों)/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम/निजी क्षेत्र के बृहद उद्यम/ बृहद अस्पतालों में संबंधित अनुभव जैसा कि प्रत्येक पद के समक्ष विनिर्दिष्ट है, उनमें अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अवधि को न्यूनतम अनिवार्य योग्यता अनुभव के रूप में माना जाएगा बशर्ते विस्तृत विज्ञापन के अन्य नियम व शर्तों को पूरा किया गया हो।

2.15 **बृहदाकार प्रतिष्ठित निजी संगठन/संस्थान/कंपनी** में शामिल हैं वे कंपनियाँ (इससे अभिप्रेत है और शामिल हैं वे कंपनियाँ जो एनएसई में सूचीबद्ध हैं या बीएसई की समूह क एवं ख में शामिल हैं) या संगठन/संस्थान जिनमें पिछले वित्त वर्ष में 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे या पिछले वित्त वर्ष में सकल कारोबार 250 करोड़ रुपए से अधिक रहा था [सिवाय वरिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा सेवा) के]। अभ्यर्थियों को इसे स्थापित करने हेतु समुचित दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

2.16 अभ्यर्थी जिन्हें पैनलबद्ध एजेंसी/ठेकेदारों द्वारा ठेके पर कार्य करने का अनुभव है (अर्थात जिन्हें परियोजना/निर्माण/ओ एंड एम या अन्य गतिविधियों में कार्य करने के हेतु अन्य एजेंसी/संगठन द्वारा ठेके के आधार पर तैनात किया गया हो) उन पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल किसी संस्था में नियत समय आधार पर नियोजन सहित सीधे कार्य करने के अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।

## 3. <u>शैक्षिक योग्यता(ओं) हेतु अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में छूट</u>

**अ.जा./अ.ज.जा. एवं पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों** के लिए अनिवार्य योग्यता(ओं) हेतु न्यूनतम प्रतिशत में निम्नानुसार शिथिलता (छूट) दी गई है :

3.1 जहाँ–कहीं भी अंकों का न्यूनतम अर्हता अंक प्रतिशत 65% विनिर्दिष्ट है वहाँ **अनु. जाति, अनु.ज. जाति एवं पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता का शिथिलीकृत प्रतिशत 60% होगा।**

3.2 जहाँ अंकों का प्रतिशत 60% विनिर्दिष्ट है, वहाँ **अनु. जाति, अनु.ज. जाति एवं पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता का शिथिलीकृत प्रतिशत 55% होगा।** ?

3.3 **अ.जा./अ.ज. जाति/पीडब्ल्यूडी** के आवेदक द्वारा अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करने पर उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम अर्हक प्रतिशत में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

## 4. <u>ऊपरी आयु सीमा एवं आयु में प्रदत्त शिथिलता (छूट)</u>

4. 1 विभिन्न पदों हेतु अधिकतम आयु सीमा की गणना ऊपर तालिका–II के अनुसार दिनांक **31.12.2018** होगा।

4. 2 आयु सीमा में अ. जाति/अनु.ज. जाति के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 03 वर्ष की छूट दी जाएगी। साथ ही, पीडब्ल्यूडी–सामान्य अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की, पीडब्ल्यूडी–ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को 13 वर्ष की एवं पीडब्ल्यूडी–अनु. जाति/अनु.ज.जाति हेतु 15 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। ऊपरी आयु सीमा में दी गई यह छूट केवल उन्हीं पदों के लिए लागू होगी जो अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित है। पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट

प्रदान की जाएगी चाहे पद आरक्षित है या नहीं बशर्ते पद पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों हेतु उपर्युक्त के रूप में चिन्हित किया गया हो। दिनांक 1.1.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी अभ्यर्थियों के लिए भी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

4.3 अ.जा./अ.ज. जाति/ओबीसी (एनसीएल) के आवेदकों द्वारा अनारक्षित (यूआर) चिन्हित पद हेतु आवेदन करने पर उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं उन्हें उपलब्ध आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

4.4 भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ के सशस्त्र सैन्य बलों में छः माह या उससे अधिक निरंतर सेवा की है उन्हें अपनी–वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता है/करती है।

**4.5 आयु में समस्त संभावित छूटों को मिला कर अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

**4.6 दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु समस्त छूट एवं शिथिलता के पश्चात ऊपरी आयु सीमा इस संबंध में भारत सरकार द्वारा दिशानिदेशानुसार होगी।**

**5. <u>आवेदन शुल्क</u>**

5.1 ऑनलाइन आवेदन भरते समय **अनारिक्षत एवं ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी** के अभ्यर्थियों को निम्नलिखित 03 तरीकों में से किसी एक के द्वारा गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क रु. 200/– (रुपए दो सौ मात्र) (लागू बैंक प्रभार के अलावा) का भुगतान करना होगा :

1. किसी भी राष्ट्रीयकृत/निजी बैंक की नेट–बैंकिंग
2. किसी भी राष्ट्रीयकृत/निजी बैंक के कार्ड से भुगतान
3. अन्य भुगतान विधिः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के माध्यम से पूर्व पावती भुगतान (पीएपी)

आवेदन शुल्क का भुगतान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट (www.onlinesbi.com) को लॉगइन कर और आगे "स्टेट बैंक कलेक्ट" विकल्प को चुन कर किया जा सकता है। आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु यूजर मैन्युअल गेल की वेबसाइट (www.careers.gail.co.in) पर उपलब्ध है। साथ ही, एसबीआई कलेक्ट संदर्भ संख्या ऑन–लाइन आवेदन फार्म में भरनी होगी। एक बार आवेदन प्रस्तुत करने के बाद उसे वापस लेने की अनुमति नहीं होगी न ही भुगतान किए गए शुल्क को वापस किया जाएगा और न ही किसी आगामी परीक्षा/चयन हेतु सुरक्षित किया जाएगा।

5.2 **अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को इस आवेदन शुल्क के भुगतान से मुक्त रखा गया है।** तथापि, आवेदन शुल्क से छूट का दावा करने के लिए अनु. जाति/अनु. जनजाति के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी यथा लागू अनु. जाति/अनु. जनजाति प्रमाणपत्र की सत्य प्रतिलिपि और पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी विकलांगता प्रमाणपत्र की सत्य प्रतिलिपि आगे की चयन प्रक्रिया में संलग्न करनी होगी।

**6. <u>आवेदन कैसे करें</u>**

6.1 **अभ्यर्थियों को गेल की वेबसाइट : <u>www.gailonline.com</u> द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने होंगे।** आवेदन के अन्य किसी भी प्रकार/मोड को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वेबसाइट दिनांक **12.12.2018 को 1100 बजे से दिनांक 15.01.2019 को 1800 बजे** तक खुली रहेगी।

6.2 ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें। अभ्यर्थी के पास निम्न होना चाहिए और ऑनलाइन आवेदन करने के समय इन्हें अपने पास रखें :

(i) वैध ई–मेल आईडी और मोबाइल नं.

(ii) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रजनित एसबीआई कलेक्ट संदर्भ संख्या

(iii) सफेद बैकग्राउंड पर अभ्यर्थी का पासपोर्ट आकार के स्वयं अनुप्रमाणित फोटो (3.5 X 4.5 से.मी.) की स्कैन प्रति **(.जेपीएजी/.जेपीजी/.बीएमपी फॉर्मेट में 50 केबी साइज तक)**

6.3 ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात अभ्यर्थी को विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा जेनरेटेड आवेदन फार्म को डाउनलोड करना होगा। अभ्यर्थी दिए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर कर इसे भावी संदर्भ हेतु अपने पास रखें।

6.4 **अभ्यर्थियों को इस स्तर पर आवेदन की हार्ड प्रति गेल को भेजने की आवश्यकता नहीं है।**

6.5 अभ्यर्थी को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने पर उसे डाउनलोड किए गए आवेदन फार्म सहित **मूल दस्तावेजों** [नीचे दिए क्रम अनुसार] और सभी दस्तावेजों की विधिवत **स्वयं प्रमाणित** फोटो प्रतिलिपि के एक सेट (समान क्रम में) के साथ आना चाहिए, अन्यथा उसे आगे चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगीः

(i) लागू होने पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रजनित एसबी कलेक्ट संदर्भ संख्या की प्रति।

(ii) ऑन–लाइन आवेदन फार्म का प्रिंट आउट जिस पर आवेदक के हस्ताक्षर और साथ में हाल ही के 02 पासपोर्ट आकार के फोटो (वही फोटोग्राफ जिसे ऑन–लाइन आवेदन फार्म पर अपलोड किया गया है) हों।

(iii) जन्म तिथि के साक्ष्य से संबंधित दस्तावेज – बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/कक्षा–X प्रमाणपत्र/अंक तालिका/प्रवेशपत्र।

(iv) भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी जाति/जनजाति प्रमाण–पत्र [अ.जा./अ.ज.जा./ओ.बी.सी. (एनसीएल) के अभ्यर्थियों हेतु यथा लागू]। सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी विकलांगता प्रमाण पत्र ख्पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए, भूतपूर्व सैनिक प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के मामले में)। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी नवीनतम जाति प्रमाण पत्र जमा करें।

(v) योग्यताओं के संबंध में सभी प्रमाणपत्र/शंसा पत्र (सभी सेमेस्टरों/वर्षानुसार अंक पत्र, डिग्री एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र मैट्रिक से प्रारंभ करते हुए)।

(vi) डिग्री के सीजीपीए/ओजीपीए अथवा लेटरग्रेड में होने के मामले में संस्थान/विश्वविद्यालय (संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार) से दस्तावेज़ी साक्ष्य/प्रमाणपत्र प्राप्त कर उपलब्ध कराना होगा जिसमें अंकों का समतुल्य प्रतिशत सूचित किया गया हो।

(vii) वरिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा सेवाएँ) के पद के लिएः भारतीय मेडिकल काउंसिल अथवा राज्य मेडिकल काउंसिल के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण–पत्र और इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण–पत्र।

(viii) वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा) के पद के लिए : सीए/आईसीडब्ल्यूए (जैसा लागू हो) की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के आईसीएआई/आईसीडब्ल्यूए की एसोसिएट सदस्यता का प्रमाणपत्र।

(ix) अधिकारी (प्रयोगशाला) के पद के लिएः सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत अभ्यर्थी के पास पिछले निम्नतर वेतनमान अथवा पिछले निम्नतर समतुल्य वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होने का प्रमाण।

(x) ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में वर्णित अभ्यर्थी द्वारा उल्लिखित अनुभव के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी पूर्ण एवं समुचित अनुभव प्रमाणपत्र/दस्तावेज।

अनुभव हेतु केवल निम्न प्रकार के दस्तावेजी प्रमाण मान्य होंगे :

**I. <u>पूर्व नियोजन हेतु</u> :**

• सक्षम एवं प्राधिकृत कार्यपालक द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र जिसमें संबंधित कर्मचारी का पदनाम एवं नियुक्ति की तिथि के साथ–साथ संगठन से कार्यभार मुक्त होने की तिथि का भी उल्लेख हो।

**अथवा**

• कार्यग्रहण के पश्चात जारी किया गया नियुक्ति पत्र जिसमें संगठन में कार्यग्रहण करने की तिथि का स्पष्ट उल्लेख हो तथा त्यागपत्र की स्वीकृति/कार्यभार मुक्ति आदेश पत्र।

**II. <u>वर्तमान नियोजन हेतु</u> :**

• नवीनतम वेतन पर्ची के साथ सक्षम एवं प्राधिकृत कार्यपालक द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र जिसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा संगठन में कार्यग्रहण करने की तिथि तथा पदनाम का उल्लेख किया गया हो।

**अथवा**

- नियुक्ति पत्र जिसमें संगठन में कार्यग्रहण की तारीख स्पष्ट रूप से लिखी हो एवं विकल्पतः निम्न में से किसी एक के साथ नवीनतम वेतन पर्ची

- वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी पहचान पत्र
- वार्षिक वेतनवृद्धि पत्र
- पदोन्नति आदेश/स्थानांतरण आदेश आदि

नियुक्ति पत्र एवं नवीनतम वेतन पर्ची के न होने की दशा में ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी अस्वीकृत की जा सकती है।

(xi) प्रतिष्ठित बड़े निजी क्षेत्र के संगठन/संस्थान/कंपनी में अनुभव के मामले में : एनएसई अथवा बीएसई के समूह ए एवं बी में लिस्टिंग के दस्तावेज़ी साक्ष्य/पिछले वित्तीय वर्ष में 500 से अधिक कार्मिक होने के प्रमाण/पिछले वित्तीय वर्ष में वार्षिक टर्नओवर 250 करोड़ रुपए से अधिक होने का प्रमाण।

**(xii) केन्द्र/राज्य सरकार/पीएसयू/अर्धशासकीय संगठन में कार्यरत अभ्यर्थियों के संबंध में नियोक्ता द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाणपत्र/अग्रेषण पत्र।**

(xiii) **वैध पहचान साक्ष्य** : पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस आदि

(xiv) **अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि आगे की चयन प्रक्रिया के स्थान पर उपर्युक्त सभी दस्तावेज जमा किए गए हैं। अभ्यर्थी द्वारा ऊपर उल्लेख किए गए किसी भी आवश्यक दस्तावेज को जमा नहीं कर पाने पर ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

6.6 फोटो (वही फोटोग्राफ जिसे ऑन–लाइन आवेदन फार्म पर अपलोड किया गया है) की **तीन** प्रतियाँ भविष्य में प्रयोग के लिए रखी जानी चाहिएँ। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक अपने हाव–भाव में परिवर्तन न करें।

6.7 आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदण्डों तथा अन्य शर्तों को पूरा करते हैं। यदि अभ्यर्थी ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उसके लिए अयोग्य पाया जाता है तो गेल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसके आवेदन को निरस्त करने के लिए स्वतंत्र है। अयोग्य अभ्यर्थी द्वारा भुगतान किए गए आवेदन शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता–अपेक्षाओं, अन्य नियम एवं शर्तों तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु अनुदेशों के लिए दिनांक **12.12.2018 को 1100 बजे से दिनांक 15.01.2019 को 1800 बजे** तक कृपया गेल की वेबसाइट **www.gailonline.com** के **'कॅरियर'** सेक्शन को देखें।

उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार आदि केवल गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के **'कॅरियर'** सेक्शन में ही होस्ट किए जाएँगे और प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि खुद को अपडेट रखने के लिए गेल की वेबसाइट को समय–समय पर देखते रहें।

इस विज्ञापन के हिन्दी रूपांतरण में निहित किसी भी शर्त की किसी व्याख्या के संबंध में कोई संदेह/अस्पष्टता होने की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**विज्ञापन : गेल/ओपेन/मिस/6/2018**